प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में एक हजार अट्ठाईस करोड़ रुपये से अधिक की 114 से अधिक विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास।**
2. **केन्द्रीय परिवहन मंत्री ने कहा– अगले 2 साल में अमेरिका से भी बेहतर होगा उत्तर प्रदेश का रोड नेटवर्क।**
3. **प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र स्नान करने वालों की संख्या पहुंची 50 करोड़ के पार : केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज लगाई संगम में डुबकी।**

**और**

4. **केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केन्द्रीय सूचना प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरूगन कल वाराणसी में करेंगे काशी तमिल संगमम का उद्घाटन : 24 फरवरी तक चलन वाले इस संगमम में तमिलनाडु के 1200 लोग लेंगे हिस्सा।**

———————

**रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में 1,028 करोड़ रुपये से अधिक की 114 से अधिक विकास**

परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें मुंशीपुलिया और खुर्रमनगर फ्लाईओवर का उद्घाटन शामिल रहा। खुर्रमनगर फ्लाईओवर लगभग 270 करोड़ रुपये और मुंशी पुलिया फ्लाईओवर लगभग 170 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है।

इस अवसर पर रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में भारत ने इंफ्रास्टक्चर डेवलपमेंट के क्षेत्र में क्रांति देखी है। बाइट.......

*2004 से लेकर 2019 तक 10 वर्षों के अंदर अरबन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर जहां पर के एक लाख 78 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए। बहनों, भाइयों आपको जानकार खुशी भी होगी, आश्चर्य भी होगा। हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हमारे श्रीमान गडकरी जी ने 2014 से लेकर 2024 के बीच 28 लाख 52 हजार करोड़ का निवेश किया है। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में।*

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत में पहली बार कानपुर–लखनऊ एक्सप्रेस हाईवे के लिए ऑटोमेटेड इंटेलिजेंट मशीन गाइडेड कंस्ट्रक्शन सिस्टम अपनाया गया है। उन्होंने कहा कि अगले 2 साल में उत्तर प्रदेश का रोड नेटवर्क अमेरिका से भी बेहतर हो जाएगा। बाइट.....

*हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हमारा रोड नेटवर्क अब अमेरिका के आगे भी निकल गया है और मैं आपको गारंटी देता हूं दो साल के अंदर उ0प्र0 का नेशनल हाइवे नेटवर्क अमेरिका से भी अच्छा होगा। यह*

*मैं विश्वास देता हूं लाजिस्टिक कास्ट 9 प्रतिशत बढ़ायेगी उ0प्र0 में एक्सपोर्ट डेढ़ गुना बढेगा। डेढ़ बिजनेस इंडस्ट्री का विकास होगा। सुख समृद्ध उ0प्र0 और कानून व्यवस्था में तो लाजवाब काम योगी जी ने किया है।*

केंद्रीय परिवहन मंत्री ने कहा कि भारत के विकास के लिए उत्तर प्रदेश का विकास जरूरी है। उन्होंने बताया कि 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्य पूरे हो चुके हैं और 1 लाख 50 हजार करोड़ रुपये के काम चल रहे हैं और आज राज्य के लिए 9 हजार करोड़ रुपये की लागत की विभिन्न सड़क विकास परियोजनाओं की घोषणा की गई है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ–2025 प्रयागराज में सड़क मार्ग से सबसे अधिक वाहन पहुंचे हैं। महाकुंभ से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 3 लाख करोड़ रुपये की नई गति मिलने जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार लखनऊ को न केवल एयरो सिटी के रूप में बल्कि एआई सिटी के रूप में भी विकसित कर रही है। बाइट....

*यहां के पब्लिक ट्रांसपोर्ट को लेकर के एक लोकप्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में माननीय रक्षामंत्री जी का मार्गदर्शन निरन्तर प्राप्त होता है। आज उसी का परिणाम है कि लखनऊ श्रद्धेय अटल जी की भावनाओं के अनुरूप आप एक बड़े महानगर के साथ–साथ उत्तर प्रदेश का जो सबसे बड़ा महानगर आज के दिन पर लखनऊ है ही, लेकिन अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त महानगर भी हो रहा है। यहां पर ऐरोसिअी के लिये बल्कि एक एआई सिटी के रूप में भी लखनऊ को आगे बढ़ाने का कार्य सरकार कर रही है।*

लखनऊ में कार्यक्रम में शामिल होने से पहले केन्द्रीय सड़क परिवहन और राज्यमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने

कानपुर में बृहस्पति महिला महाविद्यालय के 15वें दीक्षांत समारोह में शिरकत की। समारोह में उन्होंने कहा कि हमारा देश तेजी से बदल रहा है।

——————

प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा आज 50 करोड़ के पार पहुंच गया है। केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी आज संगम में स्नान के लिए प्रयागराज पहुंचे। इस मौके पर श्री फडणवीस ने कहा कि प्रदेश सरकार के महाकुंभ के भव्य आयोजन को आने वाले वर्षों में भी याद रखा जाएगा। बाइट......

*हम सभी के लिये एक बहुत बड़ा पर्व है और 144 साल बाद जो योग आ रहा है। इस प्रकार का ये महाकुंभ है तो हर व्यक्ति को ये लगता है जो सनातन को मानता है कि मैं आकर यहां पर गंगा जी का दर्शन लू संगम पर स्नान कर और उसी मंशा से मैं यहां आया हूं और जिस प्रकार से हमारी योगी जी की सरकार इस महाकुंभ का आयोजन किया है मैं ऐसा मानता हूं कि अब दुनिया के इतिहास में एक प्रकार से लोग हमको याद रखेंगे।*

शनिवार और रविवार को महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में मेला प्रशासन ने अगले दो दिनों के लिए मेला क्षेत्र को नो वीकल ज़ोन घोषित कर दिया है। इसके मद्देनज़र श्रद्धालुओं को सुगम यातायात की सुविधा देने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम 15 से 17 फरवरी के बीच 2 हज़ार 250 अतिरिक्त बसों का संचालन करेगा।

महाकुंभ में आज स्वच्छता के महा अभियान के तहत 300 से अधिक सफाई कर्मियों ने तीन अलग–अलग घाटों पर सफाई का कार्य किया। इस दौरान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स के प्रतिनिधियों ने पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की। ये टीम वेरेफिकेशन के बाद इस रिकॉर्ड को मान्यता देगी।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने आज लखनऊ में केंद्रीय राजस्व क्रीड़ा और सांस्कृतिक परिषद के उत्तरी क्षेत्र की स्पोर्ट्स मीट में विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई प्रभावशाली कदम उठाए गए हैं। बाइट....

*हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने खेलों के प्रति रूख अत्यन्त सकारात्मक रखा है जिसके कारण*

*आज भारज आज एक बड़ी खेल शक्ति के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में खेलों की दशा और दिशा दोनों ही बदली। आज देश में स्पोर्ट यूनिवर्सिटी के विकास के लिये नेशनल स्पोर्ट यूनिवर्सिटी का निर्माण हुआ तथा युवाओं में कर्तव्य बोध और सेवा भाव का विस्तार करने के उद्देश्य से मेरा युवा भारत संगठन बनाया गया।*

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सही खाना और सही सोना विद्यार्थियों को अच्छी तरह से परीक्षा देने में मदद करेगा। परीक्षा पे चर्चा के चौथे चरण में पोषण विशेषज्ञ रूजुता दिवेकर ने कहा कि विद्यार्थियों को पोषणयुक्त भोजन करना चाहिए। बाइट.....

*कुछ खानें ऐसे है जो कि नैचुरल तो है ही पर डिस्ट्रेसर्स भी है, तो सबसे पहला जो है वो है हम लोग जिसको सिंगदाना या मूंगफली कहते है तो सिंगदाना से स्ट्रेस कम होता है एनर्जी ड्रिंक से स्ट्रेस बढ़ता है। दूसरा है केला, केला हर किसी को खाना चाहिए और तीसरी चीज चावल जिस तरीके से भी आप चावल खाना चाहते हो, वो खाइए। लेकिन ये तीनों चीज आपकी डाइट में होनी चाहिए।*

————————

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केन्द्रीय सूचना प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरूगन कल वाराणसी में काशी तमिल संगमम का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। काशी तमिल संगमम का उद्देश्य तमिलनाडु और काशी के बीच सदियों पुराने संबंधों को फिर से खोजना, पुष्टि करना और उनका जश्न मनाना है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*उत्तर और दक्षिण की संस्कृति को जोड़ने के लिए वाराणसी के नमो घाट पर काशी तमिल संगमम 3 का आगाज 15 फरवरी से हो रहा है। इसमें हिस्सा लेने के लिए दक्षिण भारतीयों का पहला ग्रुप काशी के लिए रवाना हो चुका है। संगमम में 200–200 के ग्रुप में कुल 1200 लोग आएंगे। 24 फरवरी तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में छात्र, शिक्षक, लेखक, किसान, कारीगर, उद्यमी, कलाकार हिस्सा लेंगे। आने वाले दल के सदस्य काशी के प्रमुख मठ मंदिरों का भ्रमण करेंगे।और काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन–पूजन करेंगे और काशी हिंदू विश्वविद्या में आयोजि एकेडमिक सेशन में भी भाग लेंगे , यह दल प्रयागराज महाकुंभ का हिस्सा भी बनेगा और अयोध्या में रामलला का दर्शन भी करेगा।*

(समाप्त)